उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग
हरिद्वार–249404

संख्या :: 275/01/E-01/DR/PCS/2025-26 दिनांक : 20 जनवरी, 2026

विज्ञप्ति

उत्तराखण्ड सम्मिलित राज्य सिविल/प्रवर अधीनस्थ सेवा (मुख्य) परीक्षा–2025

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि विज्ञापन संख्या–A-1/E-1/PCS-2025/2025-26 दिनांक 07 मई, 2025 द्वारा उत्तराखण्ड सम्मिलित राज्य सिविल/प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा–2025 हेतु विज्ञापित 123 पदों के सापेक्ष आयोजित प्रारम्भिक परीक्षा का संशोधित परीक्षा परिणाम विज्ञप्ति संख्या–271/08/PCS(P)-25/G-2/2025-26 दिनांक 06 जनवरी, 2026 द्वारा घोषित किया गया है।

2. उक्त संशोधित परीक्षा परिणाम में सफल घोषित 50 नये अभ्यर्थियों तथा प्रारम्भिक परीक्षा के निरस्त किये गये परीक्षा परिणाम दिनांक 08 अक्टूबर, 2025 में सफल घोषित ऐसे अभ्यर्थी, जिनका मुख्य परीक्षा का शुल्क जमा न करने के कारण अभ्यर्थन निरस्त किया गया था और वे संशोधित परीक्षा परिणाम दिनांक 06 जनवरी, 2026 में भी सफल घोषित हुए हों, द्वारा माह अप्रैल, 2026 में हरिद्वार एवं हल्द्वानी नगर के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों में आयोजित होने वाली मुख्य परीक्षा हेतु परीक्षा शुल्क जमा किया जाना एवं उक्त परीक्षा हेतु नगर के विकल्प का चयन किया जाना है। इस हेतु अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट **www.psc.uk.gov.in** पर दिये गये लिंक का प्रयोग करते हुए निर्धारित अंतिम तिथि 05.02.2026 तक मुख्य परीक्षा हेतु नगर के विकल्प का चयन करते हुए परीक्षा शुल्क जमा करना सुनिश्चित करें।

3. प्रारम्भिक परीक्षा के निरस्त किये गये परीक्षा परिणाम दिनांक 08 अक्टूबर, 2025 में सफल घोषित ऐसे अभ्यर्थी जो संशोधित परीक्षा परिणाम दिनांक 06 जनवरी, 2026 में सफल घोषित हुए हैं एवं जिनके द्वारा मुख्य परीक्षा हेतु परीक्षा शुल्क एवं परीक्षा हेतु नगर के विकल्प का चयन पूर्व में कर लिया गया है, को पुनः परीक्षा शुल्क जमा करने एवं परीक्षा हेतु नगर के विकल्प का चयन करने की आवश्यकता नहीं है।

4. मुख्य परीक्षा हेतु आवेदन किये जाने एवं मुख्य परीक्षा हेतु परीक्षा शुल्क जमा किये जाने से संबंधित महत्वपूर्ण तिथियां निम्नवत् हैः–

i	मुख्य परीक्षा हेतु आवेदन करने एवं परीक्षा शुल्क **Net Banking/Debit Card/Credit Card/UPI** के माध्यम से जमा करने की प्रारम्भ तिथि–	22.01.2026 (गुरूवार)
ii	मुख्य परीक्षा हेतु आवेदन करने एवं परीक्षा शुल्क **Net Banking/Debit Card/Credit Card/UPI** के माध्यम से जमा करने की अंतिम तिथि–	05.02.2026 (गुरूवार)

5. मुख्य परीक्षा हेतु अभ्यर्थियों द्वारा निम्नांकित नगरों के लिए अपना विकल्प प्रस्तुत किया जाना हैः–

नगर का नाम	नगर कोड
हरिद्वार	01
हल्द्वानी	02

नोट– केन्द्र निर्धारण के उपरान्त परीक्षा केन्द्र परिवर्तन के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार के अनुरोध/प्रत्यावेदन पर विचार नहीं किया जायेगा तथा अपरिहार्य परिस्थिति में आयोग द्वारा अभ्यर्थियों के परीक्षा केन्द्र में परिवर्तन किया जा सकता है, जो कि अंतिम होगा।

6. उत्तराखण्ड सम्मिलित राज्य सिविल/प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा–2025 हेतु जारी विज्ञापन संख्या**:** A-1/E-1/PCS-2025/2025-26 दिनांक 07 मई, 2025 के प्रस्तर–18 (ख) (3) के अनुसार मुख्य परीक्षा हेतु औपबन्धिक रूप से अर्ह अभ्यर्थियों को अपनी श्रेणी/उपश्रेणी के अनुसार निम्नवत् परीक्षा शुल्क जमा किया जाना है:–

क्र0सं0 (Sr. No.)	श्रेणी (Category)	आवेदन–शुल्क (Aplication Fees)	प्रोसेसिंग शुल्क टैक्स सहित (Processing Fees with Tax)	कुल शुल्क (Total Fees)
01.	अनारक्षित	रू0 250	रू0 16.36	रू0 266.36
02.	उत्तराखण्ड अन्य पिछड़ा वर्ग	रू0 150	रू0 16.36	रू0 166.36
03.	उत्तराखण्ड अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति	रू0 100	रू0 16.36	रू0 116.36
04.	आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग	रू0 150	रू0 16.36	रू0 166.36
05.	शारीरिक दिव्यांगजन	कोई शुल्क नहीं	रू0 16.36	रू0 16.36
06.	उत्तराखण्ड राज्य में संचालित स्वैच्छिक/राजकीय गृहों में निवासरत अनाथ बच्चे	**कोई शुल्क नहीं**	**कोई शुल्क नहीं**	**कोई शुल्क नहीं**

नोट : (1) उत्तराखण्ड के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रित/उत्तराखण्ड महिला/उत्तराखण्ड पूर्व सैनिक अभ्यर्थी जिस वर्ग या श्रेणी, **यथा–** सामान्य श्रेणी या अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति या अन्य पिछड़ा वर्ग या आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग श्रेणी के हों, उन्हें उसी वर्ग/श्रेणी हेतु निर्धारित शुल्क जमा करना होगा।

(2) उत्तराखण्ड **शासनादेश संख्या– 1673/XXX(2)/2010, दिनांक 10 नवम्बर, 2010** एवं शासन के **पत्र सं0– 232/XXX(2)/2018/30(05)/2014 दिनांक 26 सितम्बर, 2018** के क्रम में विज्ञापित पदो के सापेक्ष निःशक्तता से ग्रस्त दिव्यांगजन अभ्यर्थियों हेतु आवेदन शुल्क में छूट अनुमन्य होगी किन्तु प्रोसेसिंग शुल्क टैक्स सहित रू0 16.36 देय होगा।

7. मुख्य परीक्षा हेतु परीक्षा शुल्क जमा करने की निर्धारित अंतिम तिथि 05.02.2026 तक परीक्षा शुल्क जमा न करने वाले अभ्यर्थियों का अभ्यर्थन विज्ञापन के बिन्दु संख्या–18 (ख) (2) के आलोक में निरस्त कर दिया जाएगा।

8. प्रश्नगत परीक्षा के इस चरण में मुख्य परीक्षा हेतु सफल अभ्यर्थियों द्वारा ऑनलाइन आवेदन पत्र के प्रिंटआउट प्रति के साथ अपने दावों के समर्थन में समस्त शैक्षणिक/आरक्षण आदि संबंधी प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रति आयोग कार्यालय में जमा करने की आवश्यकता नहीं है। मुख्य परीक्षा के उपरान्त साक्षात्कार हेतु सफल अभ्यर्थियों को पृथक से समाचार पत्रों एवं आयोग की वेबसाइट पर विज्ञप्ति के माध्यम से आवेदन पत्र की प्रिंटआउट प्रति सहित समस्त अनिवार्य अभिलेख मंगाये जाने हेतु सूचित किया जायेगा। अतः अभ्यर्थी अपने ऑनलाइन आवेदन–पत्र की प्रति सुरक्षित रखें।

-Sd-
(अशोक कुमार पाण्डेय)
सचिव।